समाचार

बांकीमोंगरा जोन में स्टाफ क्वाटरों का निर्माण कार्य शुरू

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया आवास गृहों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन)

कोरबा 21 जून 2017 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बांकीमोंगरा जोन के कर्मचारियों हेतु स्टॉफ क्वाटर के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के तहत निगम के बांकीमोंगरा जोन में निगम के जोन में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु आवास गृहों का निर्माण कार्य निगम द्वारा कराया जाना है। इसी कड़ी में बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत 1 करोड़ 19 लाख रूपये की लागत से आवास गृहों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका भूमिपूजन महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के करकमलों के द्वारा किया गया। उन्होंने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं पूजन अर्चन कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस क्षेत्र की पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है तथा अतिशीघ्र यह समस्या भी दूर कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि महापौर ने पूर्व में जो वायदे आमजनता से किए थे वे सभी वायदे क्रमशः पूरे किये जा रहे हैं। लोगों की समस्याएं तेजी से दूर हो रही है तथा मूलभूत सुविधाओं की दिशा में बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र विस्तृत क्षेत्रफल में फैला हुआ है। बांकी, दर्री एवं बालको जोन कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को कोरबा से आने–जाने में समय व धन दोनों व्यय होता है। इसी के मद्देनजर मैंने पूर्व में घोषणा की थी कि जोन कार्यालयों के कर्मचारियों हेतु जोन कार्यालय के पास ही आवास गृह बनाए जाएंगे। जोन कार्यालयों में कर्मचारी आवास गृह बन जाने के पश्चात जोन में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी अपना पूरा समय जोन के कामों को देंगे तथा इससे आम नागरिकों भी सुविधा रहेगी। उन्होंने कहा कि बांाकीमोंगरा जोन में आवास गृहों का निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा शीघ्र ही बालको जोन में भी निर्माण कार्य शुरू होगा। इस मौके पर महापौर श्री अग्रवाल ने

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों से भेंटकर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की भी जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण के संबधं में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

<u>किया सामुदायिक हाल का लोकार्पण</u> – महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड क्र. 58 अंतर्गत आने वाले मदरसा के पास 10 लाख 92 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक हाल का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। महापौर श्रीमती अग्रवाल बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 58 भ्रमण के दौरान समाज के लोगों द्वारा सामुदायिक हाल की मांग रखी थी, महापौर ने लोगों को आश्वस्त किया था कि सामुदायिक भवन निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य भुनेश्वरी देवी, पार्षद श्रीमती प्रेमा चन्द्रा, कुसुम द्विवेदी, अमरजीत सिंह, सनीष कुमार, बसंत चन्द्रा, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण व निगम के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ.....................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित